an>

Title: Regarding damage caused to crops by heavy rains and hailstorm in five tehsils in Sant Kabir Nagar Parliamentary Constituency.

श्री शरद त्रिपाठी (संत कबीर नगर): महोदय, मैं आपके माध्यम से अपने संसदीय क्षेत्र के पांच तहसीलों में जो बहुत ज्यादा बरसात और ओलावृष्टि हुई है, उनके नुकसान के बारे में सरकार का ध्यान विशेष रूप से धनघटा तहसील, खजनी तहसील, आलापुर तहसील, मैंदौल तहसील और खैंइलाबाद तहसील की तरफ आकृष्ट कराना चाहता हूं। मेरे संसदीय क्षेत्र के तीन किसान लखलोहर के दशरथ चौधरी, उत्तरावल के छोटे लाल, बरौली के रहमत अली अपनी बर्बाद फसल को देखकर सदमे से मर गए। मैं आपसे मांग करता हूं कि वहां का स्थानीय प्रशासन तत्काल उन्हें सुविधा मुहैया कराए, जिससे उनके परिवार को राहत मिले। मैं चाहता हूं कि जहां-जहां भी नुकसान हुआ है उसका भौतिक सत्यापन कराने का काम स्थानीय प्रशासन करे।